पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को यू.जी.सी. मूल्यांकन में श्रेणी–1 का दर्जा प्राप्त होने पर बधाई दी

लखनऊ : 01 मई, 2024

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा एम. जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 16 अप्रैल 2024 को आयोजित उनकी बैठक में किए गए मूल्यांकन में श्रेणी–1 विश्वविद्यालय का ग्रेड दिए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए निरंतर उन्नयन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि विश्वविद्यालयों द्वारा विविध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन करते हुए अब यह उपलब्धि प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा मूल्यांकनों में उल्लेखनीय सफलताओं से विश्वविद्यालय की क्षमताओं में वृद्धि होती है, जिसका लाभ उस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को हासिल होता है। उन्होंने गुणवत्ता सुधार के

लिए मूल्यांकन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डी.डी.यू. गोरखपुर तथा रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि को प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरक बताया और उन्हें भी अपनी गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि करने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालयों द्वारा यू0जी0सी0 की कैटेगरी–1 का जो दर्जा हासिल किया है, उससे विश्वविद्यालय को एकेडमिक तथा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑटोनामी प्राप्त होगी। विश्वविद्यालय यू0जी0सी0 की मंजूरी के बिना संबंधित विषयों में एक नए कोर्स/कार्यक्रम/विभाग/स्कूल/केन्द्र को अपने मौजूदा शैक्षिक ढांचे का हिस्सा बना सकता है। अपना करिकुलम डिजाइन कर सकेगा, नए कोर्सेज शुरू कर सकेगा, यू0जी0सी0 से विविध प्रकार की ग्रांट ले सकेगा, कई अन्य प्रकार की गतिविधियाँ भी कर सकेंगे।

यहाँ बताते चलें कि यू0जी0सी0 देश भर के विश्वविद्यालयों को उनके राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन के अनुसार और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विविध रैंकिंग के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में रैंकिंग तय करता है, जिसमें इस बार डी.डी.यू. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को उत्तर प्रदेश में श्रेणी–1 विश्वविद्यालय की रैंकिंग प्राप्त हुई है।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361